2792/VII-I/07 (23)

संख्या 387/697–उ0नि0/पीएस/आईडी/06

प्रेषक,

सचिव,
औद्योगिक विकास,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक उद्योग,
उत्तरांचल।

औद्योगिक विकास वि... देहरादून : दिनांक 26 दिसम्बर, 2006

विषय :– मैगा प्रोजैक्ट्स हेतु अधिसूचित भूमि के विशेष औद्योगिक क्षेत्र घोषित किये जाने के सम्बन्ध में नीति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक औद्योगिक विकास विभाग, उत्तरांचल शासन के शासनादेश संख्या–11/औ0वि0/07–उद्योग/2004 दिनांक 27 जनवरी, 2004, शासनादेश संख्या–940/औ0वि0/07–उद्योग/2004–05 दिनांक 9/10 नवम्बर, 2004 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि औद्योगिक नीति–2003 के प्राविधानों के अनुरूप Mega Projects, जिनमें कुल पूंजी निवेश रू0 50 करोड़ से अधिक हो, की स्थापना को प्रोत्साहित करने एवं सुगमता से भूमि उपलब्ध कराने के दृष्टिगत भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना दिनांक 10 जून, 2003 में अधिसूचित भूमि को बृहत पूंजी निवेश की औद्योगिक इकाईयों द्वारा क्रय किये जाने पर Spot Zone औद्योगिक क्षेत्र के रूप में निम्नांकित दिशा–निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित/विनियमित किया जायेगा।

1– विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में उतनी ही भूमि अधिसूचित/विनियमित की जायेगी, जितनी वास्तविक आवश्यकता Mega Projects के लिये हो।

2– Mega Proje...s का आशय ऐसे बृहत पूंजी निवेश के उद्योग से होगा, जिसमें कुल अचल पूंजी निवेश रू0 50 करोड़ से अधिक हो।

3– विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिये विभिन्न विभागों आदि से नियमतः स्वीकृति, अनुमति, अनुमोदन तथा अनापत्ति आदि, जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित हैं, वह सम्बन्धित प्रवर्तक कम्पनी द्वारा स्वयं पूर्ण की जायेंगी।

4– शासन द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास हेतु जी0आई0डी0सी0आर0–2005 में दिये गये मार्गदर्शी सिद्धान्तों, नियमों तथा उपबन्धों के अनुरूप भू–उपयोग, भवन निर्माण, हरित पट्टी, सड़क तथा अन्य अवस्थापना सुविधाओं के लिये निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन करना होगा।

5– ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों की देख–रेख तथा अवस्थापना सुविधाओं के विकास का दायित्व प्रवर्तक कम्पनी की होगी।

6– विशेष औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने हेतु इच्छुक औद्योगिक इकाई/कम्पनी/ उद्यमी, इस आशय का आवेदन पत्र स्थापित किये जाने वाले उद्योग की विस्तृत प्रोजैक्ट रिपोर्ट, प्री–फिजिविलिटी रिपोर्ट, ले–आउट प्लान/की–प्लान, स्थलीय मानचित्र, सजरा मानचित्र, खसरा खतौनी, कम्पनी का मैमोरेण्डम आफ आर्टीकल एण्ड एशोसियेशन की प्रति, निदेशक मण्डल का रेजूलेशन तथा भू–स्वामियों से भूमि क्रय करने के सम्बन्ध में किये गये क्रय अनुबन्ध पत्र की प्रति सहित निदेशक उद्योग को प्रस्तुत करेंगे, ताकि

तदोपरान्त प्राप्त प्रस्ताव पर परीक्षणोपरान्त जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार Mega Projects के लिये क्रय की जा रही/क्रय अनुबन्धित भूमि को विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विनियमित/घोषित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

7– विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विनियमन/घोषित किये जाने के लिये प्रक्रिया निर्धारित करने, समय–समय पर शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के क्रियान्वयन तथा विहित प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही के लिये निदेशक उद्योग, उत्तरांचल सक्षम प्राधिकारी होंगे।

भवदीय,

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

पृ0 सं0 /उक्त/ तद्दिनांकितः

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– स्टाफ आफ़िसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2– स्टाफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3– प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
4– संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय(औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
5– आयुक्त, कुमॉऊ/गढ़वाल मण्डल।
6– अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
7– मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, देहरादून।
8– अध्यक्ष समस्त उद्योग संघ, उत्तरांचल।
9– समस्त जिलाधिकारी।
10– प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11– मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तरांचल, देहरादून।
12– सचिव, उत्तरांचल पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण परिषद, देहरादून।
13– समस्त महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र।
14– NIC Uttaranchal : इस अनुरोध के साथ की अधिसूचना को वैबसाईट पर प्रसारित कर दें।
15– गार्ड फाइल हेतु।

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

औद्योगिक विकास विभाग
उत्तरांचल शासन।
संख्या 403 /औ.वि./07–उद्योग/2006–07
दिनांक : देहरादून :27 दिसम्बर, 2006

कार्यालय ज्ञाप

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तरांचल शासन के परिपत्र संख्या–387/69–उ.नि./पीएस/आईडी/06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट्स हेतु अधिसूचित भूमि के विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए जारी नीति/दिशा निर्देशों के अधीन मै. बोरोसिल ग्लास वर्क्स लि., खन्ना कन्स्ट्रक्शन हाउस, 44 डॉ. आर.जी. थडानी मार्ग, वर्ली, मुम्बई के प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 पर सम्यक विचारोपरान्त द्वारा ग्राम–नलहेड़ी देहविरान, तहसील–रूड़की, जिला–हरिद्वार में क्रय अनुबन्धित 11.78 एकड़ भूमि, जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में दिये गये हैं, को एतद्द्वारा निम्न प्रतिबन्धों एवं शर्तों के साथ विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अधिसूचित/विनियमित किया जाता है :–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ में)
नलहेड़ी देहविरान, तहसील–रूड़की	223 व 225	11.78

1. तालिका में उल्लिखित भूमि के खसरा नंबर भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–50/2003–के.उ.शुल्क दिनांक 10 जून, 2003 व अधिसूचना संख्या–27/2005–सी.ई. दिनांक 19 मई, 2005 के Annexure-II में जिला–हरिद्वार के अन्तर्गत Category-B Proposed Industrial Estates/Areas के रूप में ग्राम–नलहेड़ी देहविरान, तहसील–रूड़की के अन्तर्गत अधिसूचित हैं, जिन पर स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयों (नकारात्मक सूची के क्रियाकलापों को छोड़कर) को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अनुमन्य होगा।

2. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए, **अनुलग्नक–1** में दिये गये जी. आई.डी.सी.आर.–2005 के मार्गदर्शी सिद्धांतों, विधियों/उपविधियों व उपबन्धों का पालन करना होगा।

3. विशेष औद्योगिक क्षेत्र की भूमि, आस्थान के प्रवर्तक कम्पनी द्वारा क्रय अनुबन्धित है। अतः विशेष औद्योगिक क्षेत्र के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि क्रय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR–2005 के उपबन्धों के अनुरूप (i) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा और (ii) विशेष औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाई को भवन मानचित्र नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत कराना होगा।

4. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास का दायित्व, प्रवर्तक कम्पनी का होगा।

5. प्रवर्तक कम्पनी उद्योग स्थापना के उपरान्त उद्योग में न्यूनतम 70 प्रतिशत रेजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध करायेगी।

6. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तरांचल शासन तथा निदेशक उद्योग, उत्तरॉचल द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक कियाकलाप, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना नहीं की जायेगी।

7. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विनियमन तथा निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु समय–समय पर कार्यकारी निर्देश जारी करने के लिए उद्योग निदेशक, उत्तरांचल सक्षम प्राधिकारी होंगे।

27/12/06

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या 4030 **/उक्त/तद्दिनांकित**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक उद्योग, उत्तरांचल।
2. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. स्टाफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
5. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
6. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, देहरादून।
7. अध्यक्ष समस्त उद्योग संघ, उत्तरांचल।
8. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
9. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
10. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तरांचल, देहरादून।
11. सचिव, उत्तरांचल पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण परिषद, देहरादून।
12. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार।
13. श्री पी.के. खेरूका, उपाध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, मै. बोरोसिल ग्लास वर्क्स लि. पंजीकृत कार्यालय : खन्ना कन्स्ट्रक्शन हाउस, 44 डॉ. आर.जी. थडानी मार्ग, वर्ली, मुम्बई।
14. NIC Uttaranchal : इस अनुरोध के साथ की अधिसूचना को वैबसाईट पर प्रसारित कर दें।

Received on 27/12/06

27/12/06

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 618 / VII-2 / 312–उद्योग / 2007
देहरादूनः दिनांकः 19 दिसम्बर, 2007

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–387 / 697–उ0नि0 / पी0एस0 / आई0डी0 / 06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट हेतु विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति / दिशा निर्देशों के अधीन उद्योग निदेशालय की संस्तुति पत्रांकः 531 / उ0नि0–मैगा प्रो0 / 2007–08 दिनांक 16 मई, 2007 के सन्दर्भ में मै0 बोरासिल ग्लास वर्क्स लि0, खन्ना कंस्ट्रक्शन हाउस, 44–डा0 आर0जी0 थडानी मार्ग, वर्ली मुम्बई द्वारा ग्राम नलहेड़ी, देहवीरान, तहसील रूड़की जनपद हरिद्वार में क्रय की गयी अतिरिक्त कुल 2.154 एकड़ भूमि जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित **प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन** श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विनियमित / अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ में)
नलहेड़ी, देहवीरान, तहसील–रूड़की	219 से 222 व 227	2.154 एकड़

1. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या–50 / 2003 सी0ई0 दिनांक 10, जून, 2003 के Annexure-II में जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत Category-B Proposed Industrial Area/Estates के रूप में जनपद हरिद्वार, तहसील रूड़की, ग्राम–नलहेड़ी, देहवीरान के अन्तर्गत अधिसूचित भूमि पर ही स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयों **(नकारात्मक सूची के कियाकलापों को छोड़कर)** को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अनुमन्य होगा।

2. GIDCR-2005 में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिये भवन निर्माण हेतु दिये गये मानकों, उपबन्धों विधियों / उपविधियों का पालन करना होगा।

3– प्रस्तावित मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना हेतु प्रवर्तक द्वारा भूमि क्रय अनुबन्धित है। अतः विशेष औद्योगिक क्षेत्र के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि क्रय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR–2005 के उपबन्धों के अनुरूप (i) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा (ii) तत्पश्चात औद्योगिक आस्थान में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के भवन मानचित्र उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) से स्वीकृत कराना होगा।

4– विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का दायित्व, आस्थान के प्रवर्तक / कम्पनी का होगा।

5– मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना के लिये विभिन्न विभागों जैसे वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, उत्तरांचल पावर कारपोरेशन आदि से वांछित विभिन्न स्वीकृति / अनुमति / अनुमोदन / अनापत्ति आदि जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित होंगी, वह प्रवर्तक द्वारा स्वयं पूर्ण की जायेंगी।

6– प्रवर्तक कम्पनी विशेष औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित उद्योग की स्थापना के उपरान्त 70 प्रतिशत रोजगार / सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भूमि / भूखण्ड की क्रय विलेख पत्र / लीज डीड में भी इस शर्त को उल्लिखित किया जायेगा।

7– क्रय की जाने वाली भूमि का उपयोग ग्लास उद्योग की स्थापना हेतु किया जायेगा।

8– विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों यथाः प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक इकाईयॉं, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना औद्योगिक आस्थान में नहीं की जायेगी।

27.12.07

9. मैगा प्रोजैक्ट्स हेतु स्पॉट जोनिंग के लिए निश्चित मानकों/दिशा निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जायेगा तथा प्रोजैक्ट में प्रस्तावित पूंजी निवेश 31 मार्च, 2010 तक पूर्ण करना होगा।

10– प्रवर्तक द्वारा परियोजना की स्थापना की प्रति एवं विकास कार्यों आदि के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र/निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड को समय–समय पर सूचना नियमित रूप से उपलब्ध करायी जयेगी।

11– विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विनियमन तथा निर्देशों के कियान्वयन हेतु समय–समय पर कार्यकारी निर्देश जारी करने के लिए निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड सक्षम प्राधिकारी होंगे।

12. उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लंघन करने पर अथवा किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना (नोटिफिकेशन) निरस्त किया जा सकता है।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 6018(1)/ VII-2/312–उद्योग/2007 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
6. आयुक्त, गढ़वाल/कुमायूं मण्डल।
7. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
8. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
9. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड, देहरादून।
10. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
11. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार।
14. मै0 बोरासिल ग्लास वर्क्स लि0, खन्ना कंस्ट्रक्शन हाउस, 44–डा0 आर0जी0 थडानी मार्ग, वर्ली मुम्बई।
15. NIC, उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव।

औद्योगिक विकास विभाग
उत्तरांचल शासन।
संख्या 504 /औ.वि./07–उद्योग/2006–07
दिनांक : देहरादून : 27 दिसम्बर, 2006

कार्यालय ज्ञाप

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तरांचल शासन के परिपत्र संख्या–387/69–उ.नि./पीएस/आईडी/06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट्स हेतु अधिसूचित भूमि के विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए जारी नीति/दिशा निर्देशों के अधीन श्री विपिन नारायण पाण्डया, अधिकृत हस्ताक्षरी, मै. प्रिन्स पाईप्स एण्ड फिटिंग्स प्रा.लि., रूबी हाउस, बी विंग, चतुर्थ तल, जे.के.सांवत मार्ग, दादर (वैस्ट) मुम्बई के प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 23 दिसम्बर, 2006 पर सम्यक विचारोपरान्त ग्राम–सलेमपुर महमूद, तहसील व जिला–हरिद्वार में क्रय अनुबन्धित 6.17 एकड़ भूमि, जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में दिये गये हैं, को एतद्द्वारा निम्न प्रतिबन्धों एवं शर्तों के साथ विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अधिसूचित/विनियमित किया जाता है :–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ में)
सलेमपुर महमूद, तहसील–रूड़की	1548, 1549/4 व 1549/5	6.17

1. तालिका में उल्लिखित भूमि के खसरा संख्या–1548 व 1549 भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–50/2003–के.उ.शुल्क दिनांक 10 जून, 2003 के Annexure-II में जिला–हरिद्वार के अन्तर्गत Category-D Expansion of the Existing Estates के क्रमांक–1 के क्रम संख्या–2 पर अंकित ग्राम–सलेमपुर महमूद, तहसील–हरिद्वार के अन्तर्गत अधिसूचित हैं, जिन पर स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयों (नकारात्मक सूची के कियाकलापों को छोड़कर) को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अनुमन्य होगा।

2. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए, **अनुलग्नक–1** में दिये गये जी. आई.डी.सी.आर.–2005 के मार्गदर्शी सिद्धांतों, विधियों/उपविधियों व उपबन्धों का पालन करना होगा।

3. विशेष औद्योगिक क्षेत्र की भूमि, आस्थान के प्रवर्तक कम्पनी द्वारा क्रय अनुबन्धित है। अतः विशेष औद्योगिक क्षेत्र के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि क्रय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR–2005 के उपबन्धों के अनुरूप (i) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा और (ii) विशेष औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाई को भवन मानचित्र नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत कराना होगा।

4. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास का दायित्व, प्रवर्तक कम्पनी का होगा।

5. प्रवर्तक कम्पनी उद्योग स्थापना के उपरान्त उद्योग में न्यूनतम 70 प्रतिशत रेजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध करायेगी।

6. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तरांचल शासन तथा निदेशक उद्योग, उत्तरॉचल द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक कियाकलाप, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना नहीं की जायेगी।

7. विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विनियमन तथा निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु समय–समय पर कार्यकारी निर्देश जारी करने के लिए उद्योग निदेशक, उत्तरांचल सक्षम प्राधिकारी होंगे।

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या 404(1)/उक्त/तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक उद्योग, उत्तरांचल।
2. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. स्टाफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
5. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
6. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, देहरादून।
7. अध्यक्ष समस्त उद्योग संघ, उत्तरांचल।
8. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
9. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
10. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तरांचल, देहरादून।
11. सचिव, उत्तरांचल पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण परिषद, देहरादून।
12. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार।
13. श्री विपिन नारायण पाण्डया, अधिकृत हस्ताक्षरी, मै. प्रिन्स पाईप्स एण्ड फिटिंग्स प्रा.लि., रूबी हाउस, बी विंग, चतुर्थ तल, जे.के.सांवत मार्ग, दादर (वैस्ट) मुम्बई।
14. NIC Uttaranchal : इस अनुरोध के साथ की अधिसूचना को वैबसाईट पर प्रसारित कर दें।

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 2126/VII-2/262–उद्योग/2007
देहरादूनः दिनांकः 31 जुलाई, 2007

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–387/69–उ0नि0/पी0एस0/आई0डी0/06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट्स हेतु विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति/दिशा निर्देशों के अधीन उद्योग निदेशालय की संस्तुति पत्रांकः 360/उ0नि0–नि0औ0आ0/2007–08 दिनांक 30 अप्रैल, 2007 के सन्दर्भ में मै0 राणा इण्डस्ट्रीज, न्यू राणा हाऊस, मेरठ रोड़, मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम शिकारपुर, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार में क्रय की गयी कुल 0.6039 हैक्टेयर भूमि जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित **प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन** श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अधिसूचित/विनियमित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)
शिकारपुर, तहसील रूड़की	358 व 395	0.6039

1. तालिका में उल्लिखित भूमि के खसरा नंबर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या–50/2003 सी0ई0 दिनांक 10, जून, 2003 के Annexure-II में जिला हरिद्वार के अन्तर्गत Category-D Expansion of existing Industrial Estate के अन्तर्गत अधिसूचित हैं, जिन पर स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयो **(नकारात्मक सूची के क्रियाकलापों को छोड़कर)** को भारत सरकार द्वारा घोषित विशेष पैकेज का लाभ अनुमन्य होगा।

2. विशेष औद्योगिक क्षेत्र की भूमि, आस्थान के प्रवर्तक/कम्पनी द्वारा क्रय की गयी है। विशेष औद्योगिक क्षेत्र के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः GIDCR-2005 के उपबन्धों के अनुरूप (1) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा।

3– मैगा प्रोजैक्ट्स हेतु स्पॉट जोनिंग के लिये निश्चित मानकों/दिशा निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जायेगा तथा प्रोजैक्ट में प्रस्तावित पूंजी निवेश 31 मार्च, 2010 तक पूर्ण करना होगा।

4– फैक्ट्री भवन निर्माण हेतु भवन मानचित्र सक्षम प्राधिकारी/उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) से स्वीकृत कराना आवश्यक होगा।

5– निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण हेतु उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति/सहमति प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

6– राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किये जा रहे उद्योगों अथवा प्रतिबन्धित सूची के सम्मिलित उद्योगों की स्थापना नहीं की जायेगी।

7– प्रस्तावित स्थल पर सभी अवस्थापना सुविधाओं, यथाः बिजली, पानी, सड़क, नालियों का निर्माण इत्यादि के विकास का कार्य स्वयं उद्यमी द्वारा किया जायेगा।

8– प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किये जाने वाले औद्योगिक इकाईयों में 70 प्रतिशत रोजगार प्रदेश के स्थायी लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा।

9– क्रय की जाने वाली भूमि का उपयोग केवल प्रस्तावित प्लान्ट की स्थापना हेतु ही किया जायेगा। सहवर्ती एवं सम्बन्धित उत्पादों में परिवर्तन तथा अभिवर्धन हेतु सक्षम प्राधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

10– उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लघंन करने पर अथवा किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना (नोटिफिकेशन) निरस्त किया जा संकता है।

11– विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विनियमन तथा निर्देशों के कियान्वयन हेतु समय–समय पर कार्यकारी निर्देश जारी करने के लिए निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड सक्षम प्राधिकारी होंगे।

(पी0सी0शर्मा) 31/7
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 2126/VII-2/262–उद्योग/2007 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महादेय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
8. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
10. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, रूड़की (हरिद्वार)।
14. मैसर्स राणा इण्डस्ट्रीज, न्यू राणा हाऊस, मेरठ रोड़, मुजफ्फरनगर।
15. NIC, उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर।

आज्ञा से,

(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव। 31/7

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 4616/VII-2/491–उद्योग/2007
देहरादूनः दिनांकः०8 – नवम्बर, 2007

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–387/697–उ0नि0/पी0एस0/आई0डी0/06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट हेतु विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति/दिशा निर्देशों के अधीन उद्योग निदेशालय की संस्तुति पत्रांकः 1732/उ0नि0–नि0औ0आ0/2007–08 दिनांक 24 अगस्त, 2007 के सन्दर्भ में मै0 ए0एम0डी0 मेट प्लास्ट प्रा0, 18 पूसा रोड़ प्रथम तल, करोल बाग, नई दिल्ली को ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा, तहसील व जिला हरिद्वार में क्रय अनुबन्धित कुल 24.6 एकड़ भूमि जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित **प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन** श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक आस्थान के रूप में विनियमित/अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ में)
पदार्था उर्फ धनपुरा तहसील–हरिद्वार	41/2, (रकबा 5.85 एकड़), 43 (रकबा 1.99 एकड़) 45 (रकबा 1.07 एकड़) 47 रकबा (3.72 एकड़) 48 (रकबा 8.40 एकड़), 51/2 (रकबा–0.44 एकड़), 52 (रकबा 3.03 एकड़) 54 (रकबा 0.10 एकड़)	24.6 एकड़

1. तालिका में उल्लिखित भूमि के खसरा नंबर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या–50/2003 सी0ई0 दिनांक 10, जून, 2003 जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत Category-B Proposed Industrial Area/Estates के रूप में ग्राम–पदार्था ऊर्फ धनपुरा के अन्तर्गत अधिसूचित भूमि पर ही स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयों **(नकारात्मक सूची के क्रियाकलापों को छोड़कर)** को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अनुमन्य होगा।

2. GIDCR-2005 में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिये भवन निर्माण हेतु दिये गये मानकों, उपबन्धों विधियों/उपविधियों का पालन करना होगा।

3– मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना हेतु प्रवर्तकों द्वारा भूमि क्रय अनुबन्धित है। अतः विशेष औद्योगिक आस्थान के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि क्रय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR–2005 के उपबन्धों के अनुरूप कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा तथा तत्पश्चात औद्योगिक आस्थान में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के भवन मानचित्र उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराना होगा।

4– विशेष औद्योगिक आस्थान के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का दायित्व, आस्थान के प्रवर्तक/कम्पनी का होगा।

5– मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना के लिये विभिन्न विभागों जैसे वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, उत्तरांचल पावर कारपोरेशन आदि से वांछित विभिन्न स्वीकृति/अनुमति/अनुमोदन/अनापत्ति आदि जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित होंगी, वह प्रवर्तक द्वारा स्वयं पूर्ण की जायेंगी।

6– प्रस्तावित स्थल पर सभी अवस्थापना सुविधाओं, यथाः बिजली, पानी, सड़क, नालियों का निर्माण इत्यादि के विकास का कार्य स्वयं प्रवर्तक द्वारा किया जायेगा।

7– प्रवर्तक/कम्पनी द्वारा विशेष औद्योगिक आस्थान में उद्योगों की स्थापना के उपरान्त 70 प्रतिशत रोजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भूमि/भूखण्ड की क्रय विलेख पत्र/लीज डीड में भी इस शर्त को उल्लिखित किया जायेगा।

8– विशेष औद्योगिक आस्थान के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों यथाः प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक इकाईयॉ, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना औद्योगिक आस्थान में नहीं की जायेगी।

9. प्रवर्तक द्वारा परियोजना की स्थापना की प्रति एवं विकास कार्यों आदि के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र/निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड को समय–समय पर सूचना नियमित रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

10. उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लंघन करने पर अथवा किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना (नोटिफिकेशन) निरस्त किया जा सकता है।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 4616(1)/VII-2/491–उद्योग/2007 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
8. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
10. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम निय़ोजक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार।
14. मै0ए0एम0डी मेट प्लास्ट लि0, 18 पूसा रोड़, प्रथम तल, करोल बाग, नई दिल्ली।
15. NIC, उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा) 7/01
प्रमुख सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 7112/VII-2/455–उद्योग/2007
देहरादूनः दिनांकः 09 जनवरी, 2008

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–387/697–उ0नि0/पी0एस0/आई0डी0/06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट हेतु विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति/दिशा निर्देशों के अधीन उद्योग निदेशालय की संस्तुति पत्रांकः 3740/उ0नि0–मैगा प्रोजैक्ट/2007–08 दिनांक 01 जनवरी, 2008 के सन्दर्भ में मै0 अज्ञा ब्रुट माल्ट प्रा0 लि0, एफ–11, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली को ग्राम ग्राम महुवाखेड़गंज, तहसील काशीपुर, जिला ऊधमसिंहनगर में कय अनुबन्धित कुल 33.52 एकड़ भूमि जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित **प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन** श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक आस्थान के रूप में विनियमित/अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ में)
महुवाखेड़ागंज, तहसील–काशीपुर	125एम, 125एम, 126, 127, 131, 133, 134, 198, 198एम, 198एम, 201एम, 201एम	33.52 एकड़

1. तालिका में उल्लिखित भूमि के खसरा नंबर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या–50/2003 सी0ई0 दिनांक 10, जून, 2003 के Annexure-II जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत Category-B Proposed Industrial Area/Estates के रूप में ग्राम–महुवाखेड़ागंज के अन्तर्गत अधिसूचित भूमि पर ही स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयों **(नकारात्मक सूची के कियाकलापों को छोड़कर)** को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अनुमन्य होगा।

2. GIDCR-2005 में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिये भवन निर्माण हेतु दिये गये मानकों, उपबन्धों विधियों/उपविधियों का पालन करना होगा।

3– मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना हेतु प्रवर्तक द्वारा भूमि कय अनुबन्धित है। अतः विशेष औद्योगिक आस्थान के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि कय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR–2005 के उपबन्धों के अनुरूप कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा तथा तत्पश्चात औद्योगिक आस्थान में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के भवन मानचित्र उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराना होगा।

4– विशेष औद्योगिक आस्थान के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का दायित्व, आस्थान के प्रवर्तक/कम्पनी का होगा।

5– मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना के लिये विभिन्न विभागों जैसे वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, उत्तरांचल पावर कारपोरेशन आदि से वांछित विभिन्न स्वीकृति/अनुमति/अनुमोदन/अनापत्ति आदि जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित होंगी, वह प्रवर्तक द्वारा स्वयं पूर्ण की जायेंगी।

6– प्रस्तावित स्थल पर सभी अवस्थापना सुविधाओं, यथाः बिजली, पानी, सड़क, नालियों का निर्माण इत्यादि के विकास का कार्य स्वयं प्रवर्तक द्वारा किया जायेगा।

7– प्रवर्तक/कम्पनी द्वारा विशेष औद्योगिक आस्थान में उद्योगों की स्थापना के उपरान्त 70 प्रतिशत रोजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भूमि/भूखण्ड की कय विलेख पत्र/लीज डीड में भी इस शर्त को उल्लिखित किया जायेगा।

8– विशेष औद्योगिक आस्थान के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों यथाः प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक इकाईयॉं, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना औद्योगिक आस्थान में नहीं की जायेगी।

9. प्रवर्तक द्वारा परियोजना की स्थापना की प्रति एवं विकास कार्यों आदि के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र/निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड को समय–समय पर सूचना नियमित रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

10. उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लंघन करने पर अथवा किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना (नोटिफिकेशन) निरस्त किया जा सकता है।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 712 (1)/VII-2/455–उद्योग/2007 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
8. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर।
10. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, ऊधमसिंहनगर।
14. श्री अभिषेक अग्रवाल, मै0 अज्ञा ब्रुटमार्ट प्रा0लि0, एफ–11 सी, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली।
15. NIC, उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा) 8/11
प्रमुख सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 495 /VII-2/551–उद्योग/2007
देहरादूनः दिनांकः 25 मार्च, 2008

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–387/697–उ0नि0/पी0एस0/आई0डी0/06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट हेतु विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति/दिशा निर्देशों के अधीन उद्योग निदेशालय की संस्तुति पत्रांकः 4186/उ0नि0–मैगा प्रोजैक्ट/2007–08 दिनांक 28 जनवरी, 2008 के सन्दर्भ में मै0 एक्वा प्रोजैक्ट्स लि0, बी–2/15, डी0एल0एफ0, फेज–1, गुड़गॉव, हरियाणा को ग्राम अकबरपुर उर्द तथा पनडेपुर पिपली, तहसील लक्सर, जिला हरिद्वार में कय अनुबन्धित कुल 4.6947 हैक्टेअर भूमि जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विनियमित/अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (हैक्टेअर में)
ग्राम अकबरपुर उर्द तथा पनडेपुर पिपली,	484, 486, 489, 490, 495, 497, 488	4.6947 हैक्टेअर

1. तालिका में उल्लिखित भूमि के **(खसरा संख्या–488 को छोड़कर)** भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या–50/2003 सी0ई0 दिनांक 10, जून, 2003 के Annexure-II जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत Category-D Expansion of the Existing Industrial Area/ Estates के रूप में ग्राम–अकबरपुर उर्द तथा पनडेपुर पिपली के अन्तर्गत अधिसूचित भूमि पर ही स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाईयों **(नकारात्मक सूची के कियाकलापों को छोड़कर)** को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अनुमन्य होगा। **खसरा संख्या–488 भारत सरकार से अधिसूचित नहीं है, इस भूमि पर प्रस्तावित उद्योग की स्थापना पर विशेष पैकेज का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।**

2. GIDCR-2005 में औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिये भवन निर्माण हेतु दिये गये मानकों, उपबन्धों विधियों/उपविधियों का पालन करना होगा।

3– मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना हेतु प्रवर्तक द्वारा भूमि कय अनुबन्धित है। अतः विशेष औद्योगिक आस्थान के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि कय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR–2005 के उपबन्धों के अनुरूप कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा तथा तत्पश्चात औद्योगिक आस्थान में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के भवन मानचित्र उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराना होगा।

4– विशेष औद्योगिक आस्थान के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का दायित्व, आस्थान के प्रवर्तक/कम्पनी का होगा।

5– मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना के लिये विभिन्न विभागों जैसे वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, उत्तरांचल पावर कारपोरेशन आदि से वांछित विभिन्न स्वीकृति/अनुमति/अनुमोदन/अनापत्ति आदि जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित होंगी, वह प्रवर्तक द्वारा स्वयं पूर्ण की जायेंगी।

6– प्रस्तावित स्थल पर सभी अवस्थापना सुविधाओं, यथाः बिजली, पानी, सड़क, नालियों का निर्माण इत्यादि के विकास का कार्य स्वयं प्रवर्तक द्वारा किया जायेगा।

7– प्रवर्तक/कम्पनी द्वारा विशेष औद्योगिक आस्थान में उद्योगों की स्थापना के उपरान्त 70 प्रतिशत रोजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भूमि/भूखण्ड की क्रय विलेख पत्र/लीज डीड में भी इस शर्त को उल्लिखित किया जायेगा।

8– विशेष औद्योगिक आस्थान के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा–निर्देशों यथाः प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक इकाईयाँ, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना औद्योगिक आस्थान में नहीं की जायेगी।

9. प्रवर्तक द्वारा परियोजना की स्थापना की प्रति एवं विकास कार्यों आदि के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र/निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड को समय–समय पर सूचना नियमित रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

10. उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लंघन करने पर अथवा किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना (नोटिफिकेशन) निरस्त किया जा सकता है।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 495 (1)/VII-2/455–उद्योग/2007 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
8. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
10. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार।
14. श्री सुरेश खण्डेलवाल, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, मै0 एक्वा प्रोजैक्ट्स लि0, बी–2/15, डी0एल0एफ0, फेज–1, गुड़गॉव, हरियाणा।
15. NIC, उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा) 413
प्रमुख सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्या : 2444/VII-II/551–उद्योग/08
देहरादूनः दिनांकः 03 सितम्बर, 2008
अधिसूचना/संशोधन

मै0 एक्वा प्रोजैक्ट लि0, बी–2/215, डी0एल0एफ0, फेज–1, गुड़गॉव, हरियाणा को ग्राम अकबरपुर उर्द तथा पनडेरपुर पिपली, तहसील लक्सर जिला हरिद्वार के पक्ष में शासन की अधिसूचना संख्याः 495/VII-II/551–उद्योग/08 दिनांकः 05 मार्च, 2008 में उल्लिखित प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन अधिसूचित कुल 4.6947 हैक्टेअर भूमि के अन्तर्गत उल्लिखित खसरा संख्याओं के अतिरिक्त खसरा संख्या–487 को श्री राज्यपाल महोदय विनियमित/अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त अधिसूचना को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय। शेष अन्य शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत होंगे।

(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 2444 (1)/VII-II-08/551–उद्योग/06–07 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग) उद्योग भवन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, देहरादून।
8. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड।
9. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
10. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण परिषद, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, रूड़की, जिला हरिद्वार।
14. श्री सुरेश खण्डेलवाल, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, मै0 एक्वा प्रोजैक्ट्स लि0, बी–2/15, डी0एल0एफ0, फेज–1, गुड़गॉव, हरियाणा।
15. NIC Uttarakhand: सचिवालय परिसर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त अधिसूचना को वैबसाईट पर प्रसारित कर दें।

आज्ञा से,
(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव।

letters

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 2295/VII-2/151–उद्योग/2008
देहरादूनः दिनांकः 01 ~~जुलाई~~ अगस्त, 2008

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–387/697–उद्योग/पी0एस0/आई0डी0/07–उद्योग/2006 दिनांक 20.12.2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना के लिये विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति/दिशा निर्देशों के अन्तर्गत उद्योग निदेशालय की संस्तुति पत्रांकः 907/उ0नि0–मैगा प्रोजैक्ट/08–09 दिनांक 30 मई, 2008 के सन्दर्भ में मै0 पॉलीप्लैक्स कॉरपोरेशन लि0 द्वारा जिला ऊधमसिंहनगर, तहसील बाजपुर, ग्राम विकमपुर में कय अनुबन्धित कुल 21.488 एकड़ भूमि जिसके खसरा नंबर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित **प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन** श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विनियमित/अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नंबर	भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ में)
विकमपुर तहसील बाजपुर	227/1, 227/1/2, 228/1/1, 228/1/2, 228/2/1, 228/2/2, 228/2/4	21.488

(1) मैगा प्रोजैक्ट के लिए प्रस्तावित ग्राम–विकमपुर, तहसील बाजपुर, जिला ऊधमसिंहनगर स्थित खसरा संख्या–227मि0 तथा 228 मि0 भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना संख्या–50/2003–के0उ0शुल्क दिनांक 10 जून, 2003 जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत **Category-B 'Proposed Industrial Area** के अन्तर्गत कमांक–11 के सम्मुख स्तम्भ–4 में अधिसूचित हैं। विशेष औद्योगिक आस्थान के लिए प्रस्तावित खसरा संख्या–227/1, 227/1/2, 228/1/1, 228/1/2, 228/2/1, 228/2/2, 228/2/4 कुल रकबई–21.488 एकड़ भूमि भारत सरकार से अधिसूचित खसरा संख्या–227मि0 तथा 228मि0 के अन्तर्गत ही आवर्त हैं तथा इस भूमि पर प्रस्तावित उत्पाद के विनिर्माण पर भारत सरकार द्वारा घोषित पैकेज में प्रदत्त सुविधाओं का लाभ अनुमन्य होगा।

(2) **GIDCR-2005** में औद्योगिक इकाई के भवन निर्माण के लिए दिये गये मानकों, उपबन्धों विधियों/उपविधियों का पूर्णतः पालन करना होगा।

(3) प्रस्तावित विशेष औद्योगिक क्षेत्र के प्रवर्तक कम्पनी द्वारा कय/कय अनुबन्धित है। अतः विशेष औद्योगिक आस्थान के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कयानुबन्धित भूमि के कय विलेख पत्र **(Sale Deed)** नियमतः निष्पादित कराकर **GIDCR-2005** के उपबन्धों के अनुरूप (i) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा और (ii) तत्पश्चात विशेष औद्योगिक आस्थान में स्थापित होने वाली कम्पनी की प्रस्तावित इकाई का भवन मानचित्र सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत कराना होगा।

(4) विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का दायित्व, आस्थान के प्रवर्तक कम्पनी का होगा। कम्पनी द्वारा आस्थान में उपलब्ध करायी जाने वाली अवस्थापना सुविधाओं तथा अन्य के सम्बन्ध में स्पष्ट सभी सूचनायें उपलब्ध करायी जाय।

(5) आस्थान को विकसित करने के लिये विभिन्न विभागों जैसे वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, उत्तरांचल पॉवर कॉरपोरेशन आदि से वांछित विभिन्न स्वीकृति/अनुमति/अनुमोदन/अनापत्ति आदि जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित होंगी, वह प्रवर्तक/कम्पनी द्वारा स्वयं पूर्ण की जायेंगी।

(6) कम्पनी उद्योग स्थापना से पूर्व यह अण्डरटेंकिंग' लिखित में देगी कि आस्थान में उद्योग स्थापना के उपरान्त 70 प्रतिशत नियमित रोजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भूमि/भूखण्ड की क्रय विलेख पत्र/लीज डीड में भी इस शर्त को उल्लिखित किया जायेगा।

(7) क्रय की जाने वाली भूमि का उपयोग **BOPET or PET Films, BOPP Films & Other Homogeneous Products** के विनिर्माण तथा परियोजना के लिए वांछित आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं की स्थापना के लिए किया जायेगा।

(8) विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों यथाः प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक इकाईयाँ, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना औद्योगिक आस्थान में नही की जायेगी।

(9) मैगा प्रोजैक्ट्स हेतु स्पॉट जोंनिंग के लिये निश्चित मानकों/दिशा निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जायेगा तथा प्रोजैक्ट में प्रस्तावित पूँजी निवेश 31 मार्च, 2010 तक पूर्ण करना होगा।

(10) प्रवर्तक द्वारा परियोजना की स्थापना की प्रति एवं विकास कार्यों आदि के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र/निदेशक, उद्योग उत्तराखण्ड को समय–समय पर सूचना नियमित रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

(11) विशेष औद्योगिक क्षेत्र के विनियमन तथा निर्देशों के कियान्वयन हेतु समय–समय पर कार्यकारी निर्देश जारी करने के लिए निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड सक्षम प्राधिकारी होंगे।

(12) उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लंघन करने पर अथवा किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो समक्ष अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना (नोटिफिकेशन) निरस्त किया जा सकता है।

(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 2295 (1)/VII-II/151-उद्योग/2008 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग),उद्योग भवन, नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध, निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
8. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर।
10. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, 2, न्यू कैन्ट रोड़, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, ऊधमसिंहनगर।
14. मै0 पॉलीप्लेक्स कॉरपोरेशन लि0, लोहिया हेड रोड़, खटीमा, ऊधमसिंहनगर।
15. एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 3185 / VII-II/262-उद्योग / 2008
देहरादूनः दिनांकः 03 अक्टूबर, 2008

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः 387 / 697–उ0नि0 / पी0एस0 / आई0डी0 / 06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट्स की स्थापना हेतु विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति–निर्देशों के अधीन उद्योग निदेशालय के संस्तुति पत्र संख्याः 2735 / उ0नि0(पाँच)–मैगा प्रोजैक्ट / 2008–09 दिनांक 16 सितम्बर, 2007 के सन्दर्भ में मै0 मैट्रो इलैक्ट्रिकल प्रा0लि0 को ग्राम पदार्था व धनपुरा, तहसील व जिला हरिद्वार में कय अनुबन्धित कुल 8.808 हैक्टेअर भूमि जिसके खसरा नम्बर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विनियमित / अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	भूमि का क्षेत्रफल (हैक्टेअर)
ग्राम–पदार्था व धनपुरा तहसील–हरिद्वार	58, 59, 60, 62, 63, 64, 65	8.808

2– भारत सरकार की अधिसूचना सख्याः 50 / 2003–के0उ0शुल्क दिनांक 10 जून, 2003 के Annexure-II में जिला हरिद्वार के अन्तर्गत Category-B Proposed Industrial Estates/ Area के रूप में ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा, तहसील व जिला हरिद्वार के सम्मुख अन्तर्गत अधिसूचित है। इस अधिसूचित भूमि पर स्थापित होने वाले प्रस्तावित नये बृहत उद्यम (Mega Projects) (नकारात्मक सूची के उद्योगो को छोड़कर) को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अर्हता पूर्ण करने पर अनुमन्य होगा।

3– GIDCR-2005 के पृष्ठ संख्या–34 से 37 में औद्योगिक आस्थान के विकास के लिये दिये गये मानकों विधियों / उपविधियों व उपबन्धों का पालन करना होगा।

4– इस विशेष औद्योगिक आस्थान की भूमि, आस्थान के प्रवर्तक कम्पनी द्वारा कय अनुबन्धित है। अतः आस्थान के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि कय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR-2005 के उपबन्धों के अनुरूप (i) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा और (ii) तत्पश्चात् औद्योगिक आस्थान तथा आस्थान में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के भवन मानचित्र सक्षम प्राधिकारी, उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराना होगा।

(5) कय की जाने वाली भूमि का उपयोग "इलैक्ट्रिकल डिविजन" के अन्तर्गत इलैक्ट्रिकल वाईरिंग डिवाईसेज, मिनिएचर सर्किट ब्रेकर, फैन, लैम्प ट्यूब व सी0एफ0एल0 तथा केबिल्स वायर तथा "ब्यूटी केयर डिविजन" के अन्तर्गत "टूथ पेस्ट, टूथ पाउडर, टैलकम पाउडर, शैम्पू, सोप, हेयर ऑयल" उत्पादों के विनिर्माण के लिए मैगा प्रोजैक्ट की स्थापना हेतु ही किया जायेगा।

6– विशेष औद्योगिक आस्थान के रख–रखाव, अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का, दायित्व, आस्थान के प्रवर्तक कम्पनी का होगा। आंवटी इकाईयों को आवंटन से पूर्व आस्थान में उपलब्ध करायी जाने वाली अवस्थापना सुविधाओं तथा अन्य के सबंध में स्पष्ट सभी सूचनायें उपलब्ध करायी जायेगी।

7– आस्थान को विकसित करने के लिये विभिन्न विभागों जैसे वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन आदि से वांछित विभिन्न स्वीकृति/अनुमति/ अनुमोदन/ अनापत्ति आदि जो भी वांछित औपचारिकतायें अपेक्षित होंगी, वह प्रवर्तक/कम्पनी द्वारा स्वयं पूर्ण की जायेंगी।

8– सभी आवंटियों से यह अण्डरटेकिंग लिखित में देगी कि आस्थान में उद्योग स्थापना के उपरांत 70 प्रतिशत रोजगार/सेवायोजन स्थानीय व प्रदेश के लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भूमि/भूखण्ड की (Sale Deed)/लीज डीड में भी इस शर्त को उल्लिखित किया जायेगा।

9– विशेष औद्योगिक आस्थान के विकास हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन तथा निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों यथाः प्रदेश की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत ऐसी औद्योगिक इकाईयां, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा हतोत्साहित किया जा रहा है अथवा जो भारत सरकार की नकारात्मक सूची में सम्मिलित है, की स्थापना औद्योगिक आस्थान में नहीं की जायेगी।

10– उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबन्धों/शर्तों का उल्लंघन करने पर अथवा अन्य किसी कारणों से जिसे शासन उचित समझता हो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से यह अधिसूचना (नोटिफिकेशन) निरस्त किया जा सकता है।

(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन संख्याः 385 (1)/VII-II-/262–उद्योग/2008 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उद्योग, उत्तराखण्ड।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
5. संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, (औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग) उद्योग भवन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य ऊर्जा निगम, ऊर्जा भवन, देहरादून
7. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, देहरादून।
8. अध्यक्ष, समस्त उद्योग संघ, उत्तराखण्ड।
9. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
10. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
12. सचिव, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण परिषद, देहरादून।
13. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, रूड़की (हरिद्वार)।
14. मै0 मैट्रो इलैक्ट्रिकल्स प्रा0लि0, एफ–3–जे, अमृत गंगा अपार्टमैन्ट, भोपतवाला, ऋषिकेश रोड, हरिद्वार।
15. NIC Uttarakhand : सचिवालय परिसर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त अधिसूचना को वैबसाईट पर प्रसारित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव।

औद्योगिक विकास अनुभाग–2
संख्याः 3196/VII-II/278-उद्योग/2008
देहरादूनः दिनांकः 12 नवम्बर, 2008

अधिसूचना

औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः 387/697–उ0नि0/पी0एस0/आई0डी0/06 दिनांक 20 दिसम्बर, 2006 द्वारा मैगा प्रोजैक्ट्स की स्थापना हेतु विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किये जाने विषयक जारी नीति–निर्देशों के अधीन उद्योग निदेशालय के संस्तुति पत्र संख्याः 2585/उ0नि0(प्रॉच)–मैगा प्रोजैक्ट/2008–09 दिनांक 10 सितम्बर, 2008 के सन्दर्भ में मै0 राणा ग्लोबल लि0 को ग्राम गंगनौली, तहसील लक्सर, जिला हरिद्वार में क्रय अनुबन्धित कुल 7.566 हैक्टेअर भूमि जिसके खसरा नम्बर निम्न तालिका में अंकित हैं, को निम्नलिखित प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विनियमित/अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	भूमि का क्षेत्रफल (हैक्टेअर)
ग्राम–गंगनौली तहसील–लक्सर	280, 281, 283, 284, 286, 287	7.566

2– उक्त तालिका में उल्लिखित खसरा नम्बर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्याः 50/2003–के0उ0शुल्क दिनांक 10 जून, 2003 के Annexure-II में जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत Category-B Proposed Industrial Estates/ Area के अन्तर्गत क्रमांक–5 पर ग्राम गंगनौली, तहसील लक्सर के सम्मुख अधिसूचित है। इस अधिसूचित भूमि पर स्थापित होने वाले प्रस्तावित नये उद्योग को (नकारात्मक सूची के उद्योगो को छोड़कर) को विशेष प्रोत्साहन पैकेज का लाभ अर्हता पूर्ण करने पर अनुमन्य होगा।

3– GIDCR-2005 के पृष्ठ संख्या–34 से 37 में औद्योगिक आस्थान के विकास के लिये दिये गये मानकों विधियों/उपविधियों व उपबन्धों का पालन करना होगा।

4– विशेष औद्योगिक आस्थान की भूमि, आस्थान के प्रवर्तक कम्पनी द्वारा क्रय अनुबन्धित है। अतः आस्थान के नियोजित विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व नियमतः भूमि क्रय विलेख पत्र (Sale Deed) निष्पादित कराकर GIDCR-2005 के उपबन्धों के अनुरूप (i) कृषि भू–उपयोग से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन सुनिश्चित कराना होगा और (ii) तत्पश्चात् औद्योगिक आस्थान तथा आस्थान में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के भवन मानचित्र सक्षम प्राधिकारी; उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराना होगा।

